RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



## गुस्ताखी माफ

दोषी भी हैं साथ में, छात्र और मां-बाप।
चाहें पाना सफलता, बिना परिश्रम आप।
बिना परिश्रम आप, चाहते सीढ़ी चढ़ना।
पेपर पहले मिले, पड़े ना ज्यादा पढ़ना।
कह साहिल कविराय, नहीं तबियत संतोषी।
जितनी है सरकार, आप भी उतने दोषी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 199 | MONDAY 27-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# 8वें LRGMA विंटर एक्सपो ने पहले दिन ही बनाया नया रिकॉर्ड, 4,000+ ट्रेड विजिटर्स पहुंचे

## 200 से अधिक ब्रांड्स की भागीदारी, AI रोबोट बना आकर्षण; हलवारा एयरपोर्ट से गारमेंट कारोबार को मिलेगी नई उड़ान













लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में रविवार से शुरू हुए **LRGMA** के 8वें विंटर एडिशन ने पहले ही दिन कारोबार और भागीदारी के नए आयाम स्थापित कर दिए। देशभर से 200 से अधिक गारमेंट ब्रांड्स और निमार्ताओं ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए, जबकि पहले दिन 4,000 से अधिक ट्रेड विजिटर्स और खरीदारों ने एक्सपो का दौरा किया। आयोजकों के अनुसार **LRGMA** अब भारत का सबसे बड़ा गारमेंट एग्जीबिशन बन चुका है, जहां तीन दिनों तक देशभर के निमार्ता, थोक व्यापारी और रिटेल खरीदार एक मंच पर जुटेंगे। एक्सपो में स्थापित **AI** आधारित हाईटेक रोबोट पूरे दिन आकर्षण का केंद्र रहा। रोबोट ने आगंतुकों का स्वागत किया और नई तकनीक के साथ गारमेंट उद्योग के समावेश का संदेश दिया।

**LRGMA** के चेयरमैन दर्शन लाल गाबा ने कहा कि हलवारा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शुरू होने से लुधियाना के गारमेंट उद्योग को बड़ा लाभ मिलेगा। बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से देश-विदेश के खरीदारों की आवाजाही बढ़ेगी, निर्यात को गति मिलेगी और शहर वैश्विक व्यापार मानचित्र पर और मजबूत होगा। हलवारा एयरपोर्ट के संचालन से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। **LRGMA** के अध्यक्ष संदीप बहल ने कहा कि यह एक्सपो केवल उत्पादों की प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारतीय गारमेंट उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि हर संस्करण के साथ प्रदर्शकों और खरीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इस बार भी रिकॉर्ड कारोबार की उम्मीद है। महासचिव ए.एस. दुआ ने कहा कि **LRGMA** का उद्देश्य लुधियाना के निमार्ताओं को आधुनिक तकनीक, नए बाजार और बड़े खरीदारों से जोड़ना है। एक्सपो **MSME** इकाइयों के लिए नए व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच साबित हो रहा है। इस दौरान विधायक मदन लाल बग्गा और दलजीत सिंह भोला ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर प्रदर्शकों का उत्साहवर्धन किया तथा लुधियाना के गारमेंट उद्योग की गुणवत्ता और नवाचार की सराहना की।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा मामलों की दो अहम संसदीय समितियों में शामिल किए गए तरुण चुघ

नवीन गोगना

बठिंडा/यूटर्न/26 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुघ को संसद की दो महत्वपूर्ण समितियों में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्हें संसदीय गृह मामलों की स्थायी समिति **(Parliamentary Standing Committee on Home Affairs)** तथा रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति **(Consultative Committee for the Ministry of Defence)** का सदस्य बनाया गया है। इसे संसद में उनकी बढ़ती जिम्मेदारी और संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के रूप में देखा जा रहा है।

गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सीमा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, गृह मंत्रालय



की नीतियों, विधेयकों तथा बजटीय प्रावधानों की गहन समीक्षा करती है। समिति विभिन्न विषयों पर विस्तृत अध्ययन कर सरकार को नीतिगत सुझाव भी देती है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और सुशासन को मजबूती मिलती है। इसके अलावा, तरुण चुघ को रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति में भी शामिल किया गया है। यह समिति सांसदों और रक्षा मंत्रालय के बीच नियमित संवाद का महत्वपूर्ण मंच है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, सीमा क्षेत्रों के विकास, रक्षा तैयारियों तथा सैन्य कर्मियों के कल्याण से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होती है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक भारती और मिठू राम गुप्ता ने तरुण चुघ को दोनों समितियों का सदस्य बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनके संसदीय अनुभव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है।



पेज 06 राम नाम की भक्ति से मिटते हैं भेदभाव और अहंकार...

# लुधियाना निगम में भी हरियाणा के IDFC बैंक के 590 करोड़ के घोटाले जैसा पैटर्न ? क्या खुलने वाला है बड़ा वित्तीय स्कैम ?

## बैंक खातों की जांच शुरू होते ही निगम रिकॉर्ड रूम में सेंध, संयोग या बड़ी साजिश ?







लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। नगर निगम लुधियाना में वर्षों से लंबित बैंक खातों की रिकंसिलिएशन (मिलान) प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही रिकॉर्ड रूम में हुई संदिग्ध छेड़छाड़ ने पूरे मामले को नई दिशा दे दी है। निगम के गलियारों में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं यह केवल चोरी की घटना नहीं, बल्कि पुराने वित्तीय रिकॉर्ड और दस्तावेजों को प्रभावित करने की कोशिश तो नहीं थी। रिकॉर्ड रूम की घटना के बाद कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हरियाणा में सामने आए चर्चित IDFC बैंक घोटाले जैसे पैटर्न की तुलना भी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने हाल ही में वर्षों से लंबित विभिन्न बैंक खातों, भुगतान वाउचर और वित्तीय अभिलेखों के मिलान के निर्देश दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया के दौरान कई पुराने खातों, सरकारी योजनाओं के फंड और भुगतान रिकॉर्ड की दोबारा जांच की जा रही है। इसी बीच रिकॉर्ड रूम का पुराना ताला तोड़कर नया ताला लगाए जाने और महत्वपूर्ण फाइलों के कथित रूप से गायब होने की आशंका ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

नगर निगम के सूत्रों के अनुसार रिकॉर्ड रूम में अकाउंट्स शाखा के मूल वाउचर, बैंक रिकॉर्ड, भुगतान फाइलें और विभिन्न योजनाओं से जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखे जाते हैं। ऐसे में रिकॉर्ड रूम से छेड़छाड़ की घटना को सामान्य नहीं माना जा रहा। निगम के भीतर यह चर्चा है कि यदि सभी बैंक खातों और रिकॉर्ड का निष्पक्ष मिलान हुआ तो वर्षों पुराने वित्तीय लेन-देन की कई परतें खुल सकती हैं।

चर्चा यह भी है कि ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) सेल सहित कई विभागों के खर्च, आपातकालीन मदों में किए गए भुगतान तथा विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त धनराशि के उपयोग की भी समीक्षा हो रही है। हालांकि इन चचाओं की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।


एक्सपर्ट्स इसे हरियाणा में सामने आए चर्चित IDFC बैंक के 590 करोड़ के घोटाले जैसे पैटर्न की तुलना कर रहे है। हालांकि दोनों मामलों के बीच किसी प्रकार का आधिकारिक संबंध स्थापित नहीं किया गया है। फिर भी यह सवाल उठ रहा है कि क्या बैंक खातों की जांच शुरू होने और रिकॉर्ड रूम में हुई सेंध के बीच केवल संयोग है या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश छिपी है।

नगर निगम प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पहले रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन और बैंक खातों का मिलान पूरा किया जाएगा। यदि जांच में किसी दस्तावेज की कमी, रिकॉर्ड से छेड़छाड़ या वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसा होता है तो चुनावी माहौल में मान सरकार को पिछली सरकारों के कार्यकाल में हुए वित्तीय घोटालों का एक और मुद्दा मिल जाएगा। जिसे कोई भी सरकार भुनाने का मौका हाथ से जाने नहीं देगी।

# झामपुर हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, पांच हजार रुपये के विवाद में की थी हत्या

मोहाली/यूटर्न/26 जुलाई। थाना बलौंगी पुलिस ने गांव झामपुर में 13 जून की रात युवक दीपक कुमार की चाकू मारकर हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ गज्जक और अनिल उर्फ नीलू, दोनों निवासी मलोया, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह पांच हजार रुपये के लेन-देन का विवाद था। थाना प्रभारी पैरीविंकल ग्रेवाल ने बताया कि जांच में सामने आया कि मृतक दीपक कुमार पर विशाल उर्फ गज्जक के पांच हजार रुपये बकाया थे। इसी विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने दीपक को झामपुर के पास बुलाया। वहां पैसों को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद मामले की जांच के दौरान मृतक की कॉल डिटेल, गतिविधियों और आखिरी समय में उसके संपर्क में रहे लोगों की जानकारी जुटाई गई।









# यूथ कोऑर्डिनेटर नियुक्त होने पर गगनदीप ईसापुर ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का जताया आभार

## बोले- पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाऊंगा जिम्मेदारी, जनसेवा रहेगी प्राथमिकता


जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। आम आदमी पार्टी द्वारा हलका डेराबस्सी का यूथ कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर गगनदीप सिंह ईसापुर ने हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। गगनदीप सिंह ईसापुर ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के विशेष रूप से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह युवाओं को पार्टी की जनहितकारी नीतियों से जोड़ने, संगठन को मजबूत करने और हलका डेराबस्सी के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आम लोगों की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सक्रिय रहेंगे। गगनदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो और लोककल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए भी वह पूरी लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व और विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनका पहला लक्ष्य रहेगा।



# भारत में डेंगू की पहली वैक्सीन को मंजूरी: बड़ी उपलब्धि, लेकिन सावधानी जरूरी

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। हर वर्ष मानसून के आते ही लोगों में डेंगू का डर भी पैदा हो जाता है। हर साल लाखों लोग इस मच्छरजनित बीमारी की चपेट में आते हैं और कई मरीजों की जान भी चली जाती है। ऐसे में भारत को पहली बार डेंगू से बचाव के लिए वैक्सीन लाई जा रही है जिसे 'QDENGA' (TAK-003) नाम की इस वैक्सीन को DCGI (ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया) ने मंजूरी दी है। यह वैक्सीन डेंगू वायरस के चारों प्रकारों के खिलाफ शरीर की प्रतिरक्षा विकसित करने के लिए बनाई गई है।




## भारत में बीमारी से रोकथाम में बड़ा कदम

चिकित्सा विज्ञान के लिए डेंगू हमेशा से एक जटिल चुनौती रहा है। इसके वायरस के चार अलग-अलग स्ट्रेन (DENV 1–4) होते हैं। किसी एक स्ट्रेन से संक्रमित होने के बाद भी व्यक्ति दूसरे स्ट्रेन से सुरक्षित नहीं रहता, बल्कि दोबारा संक्रमण होने पर स्थिति और अधिक गंभीर होने का खतरा बना रहता है। क्यूडेंगा वैक्सीन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह डेंगू के चारों स्ट्रेन के खिलाफ एक साथ सुरक्षा प्रदान करती है। वैश्विक और भारतीय क्लिनिकल ट्रायल में इस वैक्सीन ने अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को 80% से 90% तक कम करने में सफलता दिखाई है।

## क्या समाप्त हो जाएगा डेंगू का खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि यह समझना बहुत आवश्यक है कि वैक्सीन आने का अर्थ यह नहीं कि अब डेंगू का खतरा समाप्त हो गया है। वैक्सीन लगवाने के बाद भी मच्छरों से बचाव आवश्यक रहेगा। घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। यह वैक्सीन गंभीर डेंगू और अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम कम कर सकती है, लेकिन डेंगू होने की संभावना को पूरी तरह समाप्त नहीं करती।

## डेंगू दुनिया की सबसे तेजी से फैलने वाली मच्छरजनित बीमारी

'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (WHO) के मुताबिक, साल 2024 में दुनियाभर में डेंगू के 1.46 करोड़ से ज्यादा मामले सामने आए। यह अब तक एक साल में दर्ज सबसे ज्यादा केसेस हैं।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में देशभर में डेंगू के 1.21 लाख से ज्यादा केस दर्ज किए गए। इसमें 131 लोगों की मौत हुई। ऐसे में यह वैक्सीन आने के बाद डेंगू से बचाव में मदद मिलेगी विशेषज्ञों के अनुसार यह डेंगू से बचाने वाली टेट्रावेलेंट वैक्सीन है। यह शरीर में डेंगू वायरस के खिलाफ इम्यूनिटी विकसित करती है और डेंगू के चारों प्रकार (DENV-1, DENV-2, DENV-3 और DENV-4) से बचाती है। साथ ही यह गंभीर डेंगू का रिस्क भी कम करती है। जापान की दवा कंपनी 'ताकेडा फार्मास्युटिकल्स' ने QDENGA वैक्सीन बनाई है। कंपनी ने कई सालों की रिसर्च और क्लिनिकल ट्रायल के बाद इसे तैयार किया है।

# मोहाली में दो सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत, लापरवाही से वाहन चलाने पर केस दर्ज

## सेक्टर-88 में बकरियां चरा रही महिला को कार ने कुचला, माजरी में पीजीआई कर्मी एक्टिवा सवार महिला की इनोवा की टक्कर से गई जान

मोहाली/यूटर्न/26 जुलाई। जिले के सोहाना और माजरी थाना क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पहला हादसा थाना सोहाना क्षेत्र के सेक्टर-88 में हुआ। मृतका की पहचान तरविरन कौर निवासी सेक्टर-88 के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता बाबू ने पुलिस को बताया कि 22 जुलाई को उसकी मां सेक्टर-88 स्थित शोरूमों के पास बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक ऑल्टो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने कार का नंबर नोट कर लोगों की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




दूसरा हादसा थाना माजरी क्षेत्र में हुआ, जहां तेज रफ्तार इनोवा की टक्कर से एक्टिवा सवार 36 वर्षीय हरकीरत कौर निवासी गांव लचकानी, पटियाला की मौत हो गई। मृतका के पति गुरविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी पीजीआई में कार्यरत थीं और दोनों धनास में रहते थे। दोनों किसी काम से कुराली जा रहे थे। गुरविंदर मोटरसाइकिल पर आगे चल रहे थे, जबकि उनकी पत्नी एक्टिवा पर पीछे आ रही थीं। ब्लॉक माजरी के पास तेज रफ्तार इनोवा ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से हरकीरत कौर सड़क पर जा गिरीं, जबकि चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में उन्हें पीजीआई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फरार चालकों की तलाश जारी है और हादसों के कारणों की जांच की जा रही है।

# मोहाली में महिलाओं से जुड़े तीन मामलों में बड़ी कार्रवाई, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के दो केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/26 जुलाई। मोहाली पुलिस ने महिलाओं और नाबालिग से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में केस दर्ज किए हैं। वहीं, 16 वर्षीय नाबालिग से कथित तौर पर शादी कर उसे गर्भवती करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। तीनों मामलों की जांच जारी है। पहले मामले में पीड़िता ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2017 में उसकी सोशल मीडिया के जरिए गुरप्रीत सिंह गोपी निवासी तरनतारन से पहचान हुई थी।



कुछ समय बाद आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखा और अपने परिवार से भी मिलवाया। पीड़िता का आरोप है कि पिछले पांच-छह वर्षों तक दोनों रिश्ते में रहे और इस दौरान आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गर्भवती होने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे गर्भपात हो गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसने अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा आरोपी और उसके परिवार पर खर्च किया, लेकिन बाद में आरोपी शादी से मुकर गया। महिला सेल की जांच के बाद एसएसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में उसकी पहचान भूपिंदर कुमार निवासी मलेरकोटला से हुई थी।







# पंजाब नकली दवाइयां की बिक्री का सुरक्षित केंद्र बना

## लुधियाना में ड्रग विभाग कर रहा है कार्रवाई के नाम पर खानापूरी

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। ड्रग विभाग की ढीली ढाली कार्रवाइयों के चलते पंजाब नकली तथा निम्न स्तरीय दवाइयां का सुरक्षित केंद्र बन गया है बरसों से ड्रग विभाग ने ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जिससे नकली दवाइयां के कारोबार करने वालों के दिल में डर बैठ जबकि इसके विपरीत नकली दवाइयां का कारोबार करने वालों हौसले बुलंद बताए जाते हैं उल्लेखनीय है कि पंजाब में नींद में नशे की दवाइयां का इस्तेमाल नशा पूर्ति के लिए किया जाता है और हर नशा करने वाले के पास यह दवाइयां उपलब्ध हो जाती है दवा कारोबारियो का मानना है कि हरियाणा हिमाचल में दवाइयां की जांच को लेकर सरकार काफी सतर्कता भर्ती है और ड्रग विभाग भी काफी चौकन्ना रहता है जिसके चलते नकली दवाइयां का कारोबार करने वाले ऐसी जगह चुनते हैं जहां जांच का भाव और अधिकारी उनके लिए सॉफ्ट कॉर्नर रखें लिहाजा पंजाब को विशेष कर लुधियाना को कैसे कामों के लिए सुरक्षित स्थल माना जाता है क्योंकि यहां जांच नहीं होती ऐसे काम करने वाले कारोबारी का भारी दबाव ड्रग अधिकारियों पर बना रहता है जिसे लेकर कई तरह की चचाएं बाजार में चलती रहती हैं




## हिमाचल की 45 दवाओं के सैंपल फेल

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सी.डी.एस.सी.ओ.) द्वारा जारी जून 2026 ड्रग अलर्ट में हिमाचल प्रदेश की दवा निर्माण इकाइयों में निर्मित 45 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता जांच में फेल पाए गए हैं। देशभर में इस माह 159 दवा एवं कॉस्मैटिक नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें 132 नमूने राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा 27 नमूने केंद्रीय प्रयोगशालाओं में जांच के दौरान फेल पाए गए। इन 159 नमूनों में हिमाचल प्रदेश में निर्मित 45 दवाओं के नमूने भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश के बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, झाड़माजरी, भुड, दवनी, गुल्लरवाला, कालाअंब, पांवटा साहिब, परवाणू, सोलन और कांगड़ा स्थित दवा निर्माण इकाइयों के उत्पाद गुणवत्ता परीक्षण में असफल पाए गए हैं। इनमें एंटीबायोटिक, बच्चों के सिरप, खांसी की दवाएं, दर्द व बुखार की दवाएं, हृदय रोग की दवाएं, पेट संबंधी दवाएं, आंखों की दवाएं, इंजैक्शन तथा विटामिन उत्पाद शामिल हैं। अधिकांश नमूने डिसॉल्यूशन, कंटेंट, एस्से, स्टेरिलिटी, पीएच, पार्टिकुलेट मैटर तथा सक्रिय औषधीय तत्व (एपीआई) की निर्धारित मात्रा जैसे गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। हिमाचल ड्रग्स विभाग ने सभी संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर दिए हैं परंतु पंजाब में हालत पहले भी जस के तस बने हुए हैं यहां ड्रग विभाग ने एक भी सैंपल ऐसा नहीं पड़ा जो नकली हो परंतु हिमाचल की सभी प्रमुख कंपनियों की दवाइयां बाजार में उपलब्ध रहती हैं और सैंपल भी इस तरह से भरा जाता है कि उसकी रिपोर्ट आने तक बाजार से सारा स्टॉक बिक जाता है।

## हरियाणा से सीखने की जरूरत

नकली दवाओं के अंतर्राज्यीय नैटवर्क का भंडाफोड़ 323 प्रकार की एलोपैथिक दवाएं बरामद हरियाणा फूड एवं ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफ.डी.ए.) ने दिल्ली के ओखला स्थित एक बिना लाइसैंस वाले थोक विक्रेता के यहां छापेमारी कर अंतर्राज्यीय नकली दवा नैटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 323 प्रकार की एलोपैथिक दवाएं बरामद की हैं। ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर ने बताया कि जुलाई 2026 में एफ.डी.ए. गुरुग्राम ने नकली टेल्मा-ए. एम. टैबलेट के निर्माण और वितरण में शामिल गिरोह का पर्दाफाश किया। जांच में सामने आया कि ओखला से नकली दवाओं की सप्लाई गुरुग्राम के मैडीकल स्टोरों तक की जा रही थी। दरअसल एफ.डी.ए. गुरुग्राम की टीम पिछले कुछ वर्षों से नकली दवाओं के संगठित नैटवर्क के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2024 में सैक्टर-39 स्थित एक मैडीकल स्टोर एवं आवासीय परिसर पर छापेमारी कर गठिया रोग के उपचार में प्रयुक्त टोफाजैक दवा की 1000 से अधिक नकली डिब्बियां बरामद की गई थीं 4 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। यही नहीं वर्ष 2025 में एफ.डी.ए. ने नकली हार्मोन इंजैक्शन 'हैड ऑन' (सोमाट्रोपेन) के अवैध कारोबार का खुलासा किया। इसके बाद अप्रैल 2026 में डी.एल.एफ. फेज-4 और सैक्टर-69 में छापेमारी कर करीब 70 लाख रुपए मूल्य के नकली माउंटजारो इंजैक्शन बरामद किए गए।

# जीजा-साला डबल मर्डर केस: मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार, 6 दिन के पुलिस रिमांड पर



पंचकूला/यूटर्न/26 जुलाई। सेक्टर-19 में आपसी रंजिश के चलते हुए चर्चित जीजा-साला डबल मर्डर मामले में पंचकूला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी राजीव पासवान उर्फ बकरी और उसके साथी रोशन उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उनसे हत्या की साजिश, वारदात में इस्तेमाल हथियारों और अन्य फरार आरोपियों के बारे में पूछताछ की जाएगी। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन के नेतृत्व में सेक्टर-19 चौकी प्रभारी कमलदीप सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। डीसीपी अदिति सिंह ने बताया कि इससे पहले इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जा चुका है, जबकि एक नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के आदेश पर बाल सुधार गृह भेजा गया है। गौरतलब है कि 4 जुलाई को सीआईडी अंडरपास के पास हुए खूनी संघर्ष में अर्जुन उर्फ चिट्टा और उसके जीजा संजीत की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि अर्जुन और संजीत की बहन के प्रेम विवाह के बाद दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। पुलिस के अनुसार, नामकरण समारोह के बहाने अर्जुन को बुलाकर उस पर जानलेवा हमला किया गया, जबकि संघर्ष के दौरान संजीत की भी मौत हो गई।









# बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, आईईडी समेत बीकेआई मॉड्यूल का संचालक गिरफ्तार

नवीन गोगना

चंडीगढ़/जालंधर, 26 जुलाई। काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर और जालंधर देहात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मॉड्यूल के संचालक सतबीर सिंह निवासी गांव पड़ियाना, आदमपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.3 किलोग्राम उच्च क्षमता वाले विस्फोटक से भरा आईईडी बरामद किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आईईडी में शरापनेल और बॉल बेयरिंग लगाए गए थे। आरोपी के पास से काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहा था और पंजाब में शांति तथा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। काउंटर इंटेलिजेंस को सूचना मिली थी कि बीकेआई मॉड्यूल का सदस्य विस्फोटक सामग्री लेकर आ रहा है। इसके बाद गांव ढंडौर के पास संयुक्त नाका लगाया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से आईईडी बरामद हुई।

डीजीपी ने कहा कि समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ी आतंकी घटना टल गई। मामले में विदेशी हैंडलरों, स्थानीय सहयोगियों और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

## सकारात्मकता

### यदि देश के प्रधानमंत्री ने CJP की सभी शर्तें मान लीं तो यह हमारे लिए सकारात्मकता है न की व्यंग्य का विषय।

यदि देश के प्रधानमंत्री ने CJP की सभी शर्तें स्वीकार कर ली हैं, तो यह संघर्ष करने वाले लोगों के लिए एक बहुत बड़ी जीत मानी जाएगी। लोकतंत्र में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि सरकार अपनी गलती स्वीकार करे और जनता की मांगों के सामने झुक जाए। यह केवल किसी एक संगठन की सफलता नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के धैर्य, एकता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है जिन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। किसी भी संघर्ष का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं होता, बल्कि सकारात्मक बदलाव लाना होता है। जब लंबे समय तक चले आंदोलन का परिणाम जनता के हित में निकलता है, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक बन जाता है। ऐसे समय में हमें आपसी मतभेदों को बढ़ाने या नकारात्मकता फैलाने के बजाय इस उपलब्धि को सकारात्मक सोच के साथ स्वीकार करना चाहिए।

जीत के बाद जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। अब सभी पक्षों को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लिए गए निर्णयों का सही ढंग से पालन हो और उनका लाभ आम लोगों तक पहुँचे। यदि हम इस सफलता को सहयोग, विश्वास और विकास की दिशा में आगे बढ़ाते हैं, तो यह संघर्ष केवल एक जीत नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभागीदारी का एक मजबूत उदाहरण बन जाएगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Aadhaar Card का गलत इस्तेमाल हो जाए तो क्या करें?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज Aadhaar Card लगभग हर सरकारी और निजी सेवा से जुड़ा हुआ है। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति के Aadhaar का गलत इस्तेमाल हो जाए, तो उसे आर्थिक और कानूनी दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कई मामलों में लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके Aadhaar का उपयोग किसी दूसरे मोबाइल नंबर, बैंक खाते, सिम कार्ड या अन्य सेवा के लिए किया गया है। ऐसी स्थिति में तुरंत कार्रवाई करना आवश्यक है।

यदि आपको संदेह है कि आपके Aadhaar का दुरुपयोग हुआ है, तो सबसे पहले UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट या mAadhaar ऐप के माध्यम से अपने Aadhaar की Authentication History जांचें। इससे पता चल सकता है कि हाल में आपके Aadhaar का उपयोग कहां और कब हुआ है।

यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत UIDAI में शिकायत दर्ज करें। यदि बैंक खाता, सिम कार्ड या किसी अन्य सेवा में Aadhaar का गलत इस्तेमाल हुआ है, तो संबंधित बैंक, टेलीकॉम कंपनी या संस्था को भी तुरंत लिखित सूचना दें।

यदि Aadhaarके दुरुपयोग से आर्थिक नुकसान हुआ है या किसी ने आपकी पहचान का गलत इस्तेमाल करके अपराध किया है, तो निकटतम पुलिस थाने या Cyber Crime Portal पर शिकायत दर्ज कराएं। सभी दस्तावेज, संदेश और स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें, क्योंकि ये जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य बन सकते हैं। अपने Aadhaar की फोटो या कॉपी अनावश्यक रूप से किसी के साथ साझा न करें। जहां संभव हो, केवल आवश्यक जानकारी दें और सुरक्षित माध्यमों का ही उपयोग करें।

निष्कर्ष: Aadhaar आपकी पहचान का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यदि इसके दुरुपयोग का संदेह हो, तो इंतजार न करें। समय पर शिकायत और सही कार्रवाई से संभावित नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# राम नाम की भक्ति से मिटते हैं भेदभाव और अहंकार : संत अश्वनी बेदी





लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में रविवार को आयोजित साप्ताहिक सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि सच्चा राम भक्त किसी भी प्रकार के भेदभाव, जाति-पाति और पक्षपात को त्यागकर सभी जीवों में एक ही परमात्मा का दर्शन करता है। उन्होंने परम पूज्य स्वामी सत्यानंद जी महाराज के ग्रंथ भक्ति प्रकाश का उल्लेख करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण और निष्काम भक्ति ही जीवन का वास्तविक सुख प्रदान करती है तथा पूर्व पापों का नाश करती है।

उन्होंने कहा कि साधक में शांति, विवेक, वैराग्य, इंद्रिय संयम और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा जैसे गुण विकसित होते हैं। राम-नाम का सच्चा ध्यान अज्ञान, अहंकार और मोह को समाप्त कर मनुष्य को मुक्ति के मार्ग पर ले जाता है। जैसे सूर्य बिना भेदभाव के सब पर समान रूप से प्रकाश देता है, वैसे ही सच्चा भक्त सभी में एक ही राम का स्वरूप देखता है। संत अश्वनी बेदी जी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का महापूजन 29 जुलाई को प्रातः 9 से 11 बजे तक शहंशाह पैलेस, लुधियाना में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि गुरु केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली चेतना हैं। सत्संग में सुमित गुप्ता, शिवानी गुप्ता, नंदिनी जयरथ, सुदर्शन जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पिंजौर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ऑटो चालकों पर कार्रवाई, 20 चालान



पिंजौर/यूटर्न/26 जुलाई। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और अवैध पार्किंग के कारण लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए पंचकूला पुलिस ने ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की अगुवाई में चलाए गए अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 ऑटो चालकों के चालान किए गए।

पुलिस जांच में कई ऑटो बिना नंबर प्लेट चलते, निर्धारित स्थान के बजाय सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े और क्षमता से अधिक सवारियां बैठाते मिले। पुलिस ने चालकों को निर्देश दिए कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित ऑटो स्टैंड पर ही खड़े करें। बीच सड़क पर अचानक ऑटो रोककर सवारियां बैठाने या उतारने से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता है। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बिना नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग, अवैध पार्किंग और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वाले चालकों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि ऑटो शहर की परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि पंचकूला को सुरक्षित और जाम-मुक्त बनाना है।

# सुनील मोदगिल ने संभाली भाजपा लुधियाना शहरी की कमान, 2027 के लिए बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का संकल्प

## प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों बोले– गुटबाजी छोड़ एकजुट होकर पंजाब में भाजपा की सरकार बनाने के लिए जुटें कार्यकर्ता





### गुटबाजी नहीं, मेहनती कार्यकर्ताओं को मिलेगी जिम्मेदारी

सुनील मोदगिल ने कहा कि जिला भाजपा में गुटबाजी के लिए कोई स्थान नहीं होगा। संगठन के लिए जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाकर जिम्मेदारियां दी जाएंगी। प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान देना और सभी को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। पंजाब में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में लुधियाना शहरी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील मोदगिल ने शनिवार को फिरोजपुर रोड स्थित शहंशाह पैलेस में आयोजित समारोह के दौरान औपचारिक रूप से पदभार संभाला। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने और भाजपा को पंजाब में सत्ता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। समारोह में भाजपा पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित प्रदेश और जिला स्तर के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने सुनील मोदगिल को सम्मानित कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि सुनील मोदगिल का पदभार संभालना भाजपा परिवार के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। मोदगिल ने हमेशा निष्ठा, समर्पण और साहस के साथ संगठन की सेवा की है। उन्हें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में लुधियाना शहरी इकाई पहले से अधिक मजबूत होगी। ढिल्लों ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं और भाजपा की विचारधारा की जानकारी भी लोगों को दी जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है और वर्ष 2027 के चुनावों में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम होगी। चुनाव केवल बड़े नेताओं के सहारे नहीं, बल्कि बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीते जाते हैं। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि लुधियाना पंजाब की राजनीतिक और औद्योगिक राजधानी है। यहां भाजपा संगठन की मजबूती का असर पूरे प्रदेश की राजनीति पर पड़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। पदभार ग्रहण करने के बाद सुनील मोदगिल ने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी ईमानदारी और मेहनत से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत स्थिति में पहुंचाकर प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाना है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड और बूथ पर सक्रिय टीम तैयार की जाएगी तथा युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों को संगठन से जोड़ा जाएगा।



### हर बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने की योजन

मोदगिल बोले भाजपा लुधियाना शहरी इकाई अब प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकताओं की टीम तैयार करेगी। वार्ड स्तर पर बैठकें आयोजित करने के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं और पंजाब सरकार के खिलाफ पार्टी के मुद्दों को घर-घर पहुंचाने की रणनीति बनाई जाएगी। पदभार संभालने से पहले सुनील मोदगिल ने शहर के विभिन्न मंदिरों और गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उन्होंने पंजाब और लुधियाना के लोगों की खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन, प्रदेश उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी, अशोक लुंबा, पूर्व जिलाध्यक्ष परवीन बंसल, सुभाष वर्मा, राजीव कतना,दिनेश सरपाल, हरीश टंडन, अरुणेश मिश्रा,सुभाष डाबर,डा.कनिका जिंदल,नरेंद्र सिंह मल्ली, यशपाल जनोत्रा, हर्ष शर्मा, महेश शर्मा, सुमित टंडन, संजय गोसाई, पूर्व पार्षद इंदर अग्रवाल, पार्षद पूनम रतड़ा, दविंदर जग्गी, रुचि गुलाटी, पल्लवी विपन विनायक, अनिल भारद्वाज, जतिंदर गोरियां, राजेश मिश्रा, पिंकू शर्मा,सुरेंद्र कौशल,परवीन शर्मा,क्रांति सिंह, गुरदीप सिंह गोशा, सचिव सतनाम सिंह सेठी, सुखजीव बेदी,अंकित बत्रा, अश्वनी बहल, चंदन गुप्ता, पंकज गोयल, मनोज गर्ग, संजीव चौधरी, अजयपाल दिसावर, देवी सहाय टंडन, हिमांशु कालड़ा, अमित मित्तल, अजिंदी सिंह, रमेश बिट्टा, प्रेस सचिव डॉ. सतीश कुमार,राजेश्वरी गोसाई,महिला मोर्चा अध्यक्ष शीनू चुग,सीमा वर्मा,सीमा शर्मा,नितीश धवन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेपर लीक और नकल कांड पर मंत्रियों को बचा रही आप सरकार: ढिल्लों

## कहा– केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेकर दिया इस्तीफा, पंजाब के मंत्री कुर्सियों से चिपके



नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों ने पेपर लीक और नकल कांडों को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित मंत्रियों का बचाव कर पंजाब सरकार भ्रष्टाचार और बेईमानी को संरक्षण दे रही है। ढिल्लों ने कहा कि दिल्ली में युवाओं के मुद्दों पर धरने देने वाले अरविंद केजरीवाल पंजाब में सामने आए पेपर लीक और नकल मामलों पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के भविष्य और नैतिक जिम्मेदारी को सर्वोपरि रखते हुए इस्तीफा दिया, जबकि पंजाब के मंत्री जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय कुर्सियों से चिपके हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फरीदकोट फार्मेसी नकल कांड में सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ। केवल नकल करवाने वालों पर कार्रवाई करके सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। ढिल्लों ने बठिंडा के ग्रुप-बी पेपर लीक मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छह महीने बीतने के बाद भी जांच किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंची, जिससे सरकार की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में युवा वर्षों की मेहनत लगाते हैं। पेपर लीक और नकल जैसी घटनाएं उनके भविष्य और भर्ती व्यवस्था पर विश्वास को चोट पहुंचाती हैं। उन्होंने मांग की कि दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं की जवाबदेही तय की जाए।

# एक और विरोध: E20 की वजह से दिल्ली की टैक्सी और ट्रांसपोर्ट यूनियनें 4 अगस्त को संसद के सामने प्रदर्शन की तैयारी में

चंडीगढ़/यूटर्न/26 जुलाई। पूरे देश में E20 पेट्रोल लागू करने के केंद्र सरकार के फैसले का दिल्ली की टैक्सी और ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने विरोध किया है। उन्होंने 4 अगस्त को संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। उनका आरोप है कि इथेनॉल-मिश्रित ईंधन से उनकी गाड़ियों पर बुरा असर पड़ रहा है और चलाने का खर्च बढ़ रहा है।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व 'दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन' कर रही है, जिसमें कई टैक्सी, ऑटो-रिक्शा और कमर्शियल वाहन यूनियनें भी शामिल हैं। उनका कहना है कि पुरानी पेट्रोल गाड़ियां, जो E20 ईंधन पर चलने के लिए नहीं बनी थीं, उनकी माइलेज कम हो रही है, इंजन से जुड़ी दिक्कतें आ रही हैं और मेंटेनेंस का खर्च बढ़ रहा है, जिससे ड्राइवरों पर इस नीति




का आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

यूनियनों ने चेतावनी दी है कि इस प्रदर्शन में हजारों ड्राइवरों के शामिल होने की उम्मीद है और उन्होंने केंद्र सरकार से E20 को लागू करने के फैसले पर फिर से विचार करने की अपील की है। वे मांग कर रहे हैं कि पुरानी गाड़ियों के लिए ए10 पेट्रोल मिलता रहे, जिन गाड़ी मालिकों को नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिया जाए, और मौजूदा गाड़ियों पर E20 के असर की जांच के लिए एक स्वतंत्र तकनीकी मूल्यांकन किया जाए।

हालांकि, केंद्र सरकार ने इस बदलाव का बचाव करते हुए कहा है कि E20 एक साफ-सुथरा ईंधन है, जिससे कच्चे तेल का आयात कम होगा, कार्बन उत्सर्जन घटेगा और भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का कहना है कि भारतीय सड़कों पर चल रही ज्यादातर पेट्रोल गाड़ियां E20 के अनुकूल हैं और इंजन खराब होने की चिंताएं उपलब्ध तकनीकी अध्ययनों से साबित नहीं होती हैं।

ट्रांसपोर्ट यूनियनें इससे सहमत नहीं हैं। उनका तर्क है कि कमर्शियल गाड़ियां, जो निजी कारों की तुलना में हर दिन कहीं ज्यादा दूरी तय करती हैं, असल हालात में चलाने पर उनकी माइलेज और परफॉर्मेंस में साफ तौर पर गिरावट देखी जा रही है। संसद का सत्र चल रहा है, ऐसे में 4 अगस्त के विरोध प्रदर्शन से यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अहम हो सकता है। इससे सरकार के 'साफ ईंधन' एजेंडे के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो सकती है, क्योंकि ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर इस बदलाव से होने वाले अनचाहे खर्चों से राहत की मांग कर रहे हैं।




# घर के आगे कार खड़ी करने से रोका तो परिवार पर हमला, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

## एकता विहार में हॉकी, बेसबॉल के डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट का आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। बलटाना की एकता विहार कॉलोनी में घर के सामने कार खड़ी करने को लेकर चल रहा विवाद शनिवार शाम हिंसक हो गया। आरोप है कि कई युवकों ने एक परिवार पर हॉकी, बेसबॉल के डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में अशोक चौहान, उनका बेटा तनिष्क और भांजा हनी घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए ढकोली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अस्पताल में उपचाराधीन अशोक चौहान ने बताया कि वह करीब 25 वर्षों से एकता विहार स्थित अपने निजी मकान में रह रहे हैं। उनके घर से करीब दस मकान दूर रहने वाला एक किराएदार कथित तौर पर रोज अपनी कार उनके





मकान के ठीक सामने खड़ी कर देता था। कई बार मना करने के बावजूद कार हटाकर खड़ी नहीं की गई। अशोक चौहान ने बताया कि उनके बुजुर्ग माता-पिता लंबे समय से बीमार हैं और कई बार रात में उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर जाना पड़ता है। घर के सामने कार खड़ी होने से वाहन निकालने और मरीज को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती थी। आरोप है कि कार पार्किंग का विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने उन्हें धमकियां देना शुरू कर दिया था। पीड़ित के अनुसार, घटना के समय वह किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान उनके बेटे तनिष्क ने फोन कर बताया कि कुछ युवक लगातार घर के आसपास चक्कर लगा रहे हैं। वह तुरंत घर पहुंचे तो वहां मौजूद युवकों ने कथित रूप से उन पर हमला कर दिया। अशोक चौहान ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें घायल करने के बाद घर में घुसकर उनके बेटे तनिष्क और भांजे हनी की भी पिटाई की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के दौरान पुलिस को कई बार फोन किया गया, लेकिन पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची।




# इंडोनेशिया से डिपोर्ट कर गैंगस्टर जोबन को पंजाब लाया गया

नवीन गोगना

चंडीगढ़/अमृतसर, 26 जुलाई पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर जोबन को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से डिपोर्ट कराकर पंजाब ले आई है। पंजाब पुलिस द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस (RCN), इंटरपोल और केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से जकार्ता में उसकी लोकेशन ट्रैक की गई थी। इसके बाद एक विशेष टीम उसे



भारत लाकर पंजाब पहुंची।

जानकारी के अनुसार, गैंगस्टर जोबन के खिलाफ हत्या के चार गंभीर मामले दर्ज हैं। वह अमृतसर के गांव सठियाला में जरनैल सिंह की हत्या (मई 2023), दीपू अजनाला की हत्या (जनवरी 2024), 12 वर्षीय गुरसेवक सिंह की हत्या (मार्च 2025) तथा विक्की चुघ की हत्या (मार्च 2025) जैसे हाई-प्रोफाइल मामलों में वांछित था। पुलिस अब जोबन से गहन पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क, विदेशों में मौजूद संपर्कों और अन्य सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# फगवाड़ा में श्री ब्राह्मण सभा पंजाब की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न



फगवाड़ा/यूटर्न/26 जुलाई। श्री ब्राह्मण सभा पंजाब की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को फगवाड़ा में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पराशर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। इसमें पंजाब के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शिक्षा, सामाजिक सुधार तथा संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में लुधियाना, संगरूर, मोगा, पटियाला, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, अमृतसर, फिरोजपुर सहित पंजाब के विभिन्न शहरों से आए प्रतिनिधियों ने समाज को संगठित करने और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

# ढकोली में जमीन विवाद गरमाया, कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने

## एक पक्ष ने निहंगों की मौजूदगी में जबरन कब्जे का लगाया आरोप, दूसरे ने बताया वैध कार्रवाई

जीरकपुर,/यूटर्न/26 जुलाई। ढकोली क्षेत्र में डीपीएस रोड पर स्थित जमीन के कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के दावों को गलत बताते हुए जमीन पर अपना अधिकार जताया है। एक पक्ष ने निहंगों की मौजूदगी में जबरन कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि वह राजस्व रिकॉर्ड और अदालत के आदेश के अनुसार अपनी जमीन का वैध कब्जा ले रहा है।



जगतार सिंह ने आरोप लगाया कि कुलविंदर कौर, मोहन सिंह और कुछ अन्य लोग निहंगों को साथ लेकर उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि जमीन संबंधी मामला सुप्रीम कोर्ट और एसडीएम डेराबस्सी के समक्ष विचाराधीन है। न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक जमीन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

जगतार सिंह के अनुसार मौजूदा राजस्व रिकॉर्ड में जमीन अभी भी उनके नाम दर्ज है। उन्होंने कहा कि जिस दस्तावेज के आधार पर दूसरा पक्ष जमीन का कब्जा लेने की बात कर रहा है, वह प्रभावी नहीं है। इसके बावजूद कब्जे की कोशिश किए जाने से कानून-व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उन्होंने स्थानीय पुलिस पर शिकायत के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। जगतार सिंह ने पंजाब सरकार और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा न्याय दिलाने की मांग की है।

दूसरी ओर कुलविंदर कौर ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वह किसी अन्य व्यक्ति की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं कर रही हैं। राजस्व दस्तावेजों और सक्षम अदालत के आदेशों के अनुसार अपनी जमीन का वैध कब्जा लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बेवजह विवाद में घसीटकर मामले को गलत रूप दिया जा रहा है।

फिलहाल दोनों पक्ष अपने-अपने दस्तावेजों और न्यायालय के आदेशों के आधार पर जमीन पर अधिकार जता रहे हैं। जमीन की वास्तविक स्थिति राजस्व रिकॉर्ड की जांच और संबंधित अदालत अथवा प्रशासनिक अधिकारियों के निर्णय के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस या प्रशासन की ओर से मामले को लेकर आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

# जगरांव में ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

## पुलिस ने कसी कमर, हुड़दंगियों और अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/26/जुलाई। लुधियाना (देहात) के एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता के कड़े दिशा-निर्देशों के बाद जगरांव शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। डीएसपी कुलवंत सिंह और उनकी टीम शहरवासियों को ट्रैफिक की रोजाना की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बड़े और सख्त कदम उठा रही है।

**ट्रैफिक जाम के तीन मुख्य कारण:** पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी कुलवंत सिंह ने बताया कि इस समस्या के लिए काफी हद तक कुछ लोगों की लापरवाही भी जिम्मेदार है।

**गलत और अवैध पार्किंग:** लोग अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ी करने के बजाय सीधे सड़क के बीचों-बीच खड़ी कर देते हैं।

**दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण:** कई दुकानदार अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैला कर रखते हैं, जिससे गुजरने का रास्ता संकरा हो जाता है।

**सड़कों पर रेहड़ी-फड़ी:** रेहड़ी वाले सड़क पर ही खड़े होकर अपना सामान बेचते हैं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और लंबा जाम लग जाता है।

**डीएसपी की दो टूक चेतावनी:** सभी दुकानदार अपना सामान अपनी दुकान की सीमा के भीतर ही रखें और रेहड़ी वाले यातायात में बाधा न डालें। प्रशासन अब इस तरह की लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।

**बुलेट के 'पटाखे' फोड़ने वालों पर गिरेगी गाज:** पुलिस ने उन युवाओं को कड़ी चेतावनी दी है जो मोटरसाइकिल (बुलेट आदि) से पटाखे फोड़कर हुड़दंग मचाते हैं। डीएसपी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उपद्रवियों को तुरंत अपनी हरकतों से बाज आना चाहिए, अन्यथा प्रशासन उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा।

**दिन-रात मुस्तैद है ट्रैफिक पुलिस:** ट्रैफिक इंचार्ज कुमार सिंह, इंदरजीत सिंह मुल्लांपुर और जगरांव ट्रैफिक पुलिस के अन्य जवान इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# वार्डरोब के बाद अब गलियों में दिखने लगे सांप, विश्रांति सिटी में दहशत

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। विश्रांति सिटी में सांपों की लगातार बढ़ रही आवाजाही से कॉलोनीवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कुछ दिन पहले एक घर की वार्डरोब से बेहद जहरीला माना जाने वाला कॉमन करैत मिलने के बाद अब कॉलोनी की सड़कों और गलियों में भी सांप रेंगते दिखाई दे रहे हैं। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। निवासियों के अनुसार सुबह और शाम के समय कई बार सांप सड़कों और घरों के आसपास देखे जा चुके हैं। सांपों के डर से अभिभावक बच्चों को अकेले बाहर खेलने के लिए भेजने से भी कतराने लगे हैं। लोगों का कहना है कि वार्डरोब से कॉमन करैत मिलने की घटना के बाद से कॉलोनी में डर और अधिक बढ़ गया है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में आसपास के खाली प्लॉटों में लंबी घास और घनी झाड़ियां उग आई हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर कूड़ा-कचरा भी जमा है। ये स्थान सांपों और अन्य जहरीले जीवों के छिपने के सुरक्षित ठिकाने बन रहे हैं। आशंका है कि इन्हीं खाली प्लॉटों से सांप रिहायशी क्षेत्र और घरों तक पहुंच रहे हैं। निवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि विश्रांति सिटी के आसपास स्थित खाली प्लॉटों की तुरंत सफाई करवाई जाए। लंबी घास, झाड़ियों और जमा कचरे को हटाने के साथ क्षेत्र में नियमित फॉगिंग तथा कीटनाशक दवा का छिड़काव भी कराया जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी व्यक्ति के सांप के काटने जैसी अप्रिय घटना हो सकती है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।



# प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री कर आगे बेचने का आरोप, पंचकूला निवासी पर केस

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। ढकोली क्षेत्र में एक प्लॉट को कथित तौर पर अपना बताकर उसकी रजिस्ट्री करवाने और बाद में उसे आगे बेचने के आरोप में जीरकपुर थाना पुलिस ने पंचकूला निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसपी जीरकपुर की विस्तृत जांच रिपोर्ट और एसएसपी एसएएस नगर की मंजूरी के बाद यह कार्रवाई की गई है। गांव सहौड़ा निवासी काका सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ढकोली में शनि मंदिर के पास स्थित प्लॉट नंबर-9 उसकी मलकीयत और कब्जे में है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने वर्ष 1996 में यह जमीन खरीदी थी और करीब 30 वर्षों से इस पर काबिज है। उसने न तो प्लॉट किसी को बेचा और न ही इसे लेकर किसी के साथ कोई समझौता किया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 6 मई 2026 को कुछ लोग प्लॉट पर कब्जा करने पहुंचे थे, लेकिन आसपास के लोगों के विरोध के बाद वापस चले गए। बाद में उसे जानकारी मिली कि उसके प्लॉट की कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई है और इसके बाद उसे आगे भी बेच दिया गया। मामले की जांच एएसपी जीरकपुर द्वारा की गई। जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए और रजिस्ट्री दस्तावेजों के साथ राजस्व विभाग का रिकॉर्ड भी खंगाला गया। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता लंबे समय से उक्त जमीन पर काबिज है। जिस व्यक्ति ने प्लॉट की कथित रजिस्ट्री करवाई, उसके हिस्से में राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार केवल रास्ते के लिए छोड़ी गई जमीन दर्ज थी।

जांच रिपोर्ट में कहा गया कि शिकायतकर्ता की जमीन को अपना बताकर कथित रूप से रजिस्ट्री करवाई गई और उसे आगे बेचकर आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। एएसपी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की सिफारिश की, जिसे एसएसपी एसएएस नगर ने मंजूरी दे दी। इसके बाद जीरकपुर थाना पुलिस ने पंचकूला के सेक्टर-21 निवासी सुरिंदर कुमार अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर जसवंत सिंह को सौंपी गई है। पुलिस रजिस्ट्री, राजस्व रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# एक मंत्री बाहर, दो कतार में: प्रधान के बाद कांग्रेस का शाह, गडकरी पर फोकस

चंडीगढ़/यूटर्न/26 जुलाई। पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ जीत का दावा करने के बाद, कांग्रेस ने शनिवार को अपना राजनीतिक हमला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर मोड़ दिया, और हाल ही में CJP आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर जवाबदेही की मांग की। पार्टी की योजना इस मुद्दे को सोमवार को संसद के फिर से शुरू होने पर एक बड़ा मुद्दा बनाने की है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधान का इस्तीफा सिर्फ पहला कदम था और कहा कि छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित ज्यादतियों की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय से परे है। पार्टी नेताओं ने सरकार पर परीक्षा विवाद पर



चिंताओं को दूर करने के बजाय असहमति को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इस बीच, केंद्रीय कैबिनेट के एक और सदस्य, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, सोशल मीडिया पर कड़ी जांच के दायरे में आ गए हैं।

सरकार की E20 इथेनॉल-मिश्रित ईंधन नीति को निशाना बनाने वाले मीम्स और आलोचनात्मक पोस्ट ऑनलाइन बढ़ गए हैं, जिसमें उपयोगकर्ता ईंधन दक्षता और वाहन के प्रदर्शन पर इसके प्रभाव पर सवाल उठा रहे हैं। इस आलोचना ने हितों के टकराव के आरोपों को भी फिर से हवा दे दी है, इन आरोपों को गडकरी ने बार-बार नकारा है।

सरकार की चुनौतियों को और बढ़ाते हुए, E20 विरोधी एक नागरिक ग्रुप ने विरोध प्रदर्शन करने की योजना की घोषणा की है, उनका दावा है कि इस पॉलिसी ने कंज्यूमर्स के लिए लागत बढ़ा दी है जबकि गाड़ी चलाने वालों को बहुत कम फायदा हुआ है।

संगठन ने कहा है कि अगर सरकार इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम का रिव्यू नहीं करती है, तो वह आने वाले दिनों में अपना कैंपेन और तेज कर देगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब BJP NEET विवाद और प्रधान के इस्तीफे से होने वाले राजनीतिक नतीजों को रोकने की कोशिश कर रही है, जबकि विपक्ष शिक्षा सुधारों से राजनीतिक जवाबदेही और शासन के सवालों पर बहस को बढ़ाना चाहता है। संसद में एक तूफानी सत्र होने की उम्मीद है, जिसमें कांग्रेस सरकार को कई मोर्चों पर घेरने की तैयारी कर रही है।

# जब विरोध घर तक पहुँचा: NEET विरोध में शामिल हुईं BJP मंत्री की बेटी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 जुलाई। NEET विवाद को लेकर चल रहा देशव्यापी विरोध शनिवार को असम में BJP के दरवाजे तक पहुँच गया। राज्य के एक सीनियर मंत्री की बेटी परीक्षा से जुड़े विवाद पर जवाबदेही की मांग कर रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने कैबिनेट सहयोगी का बचाव किया और जनता से अपील की कि वे उनकी बेटी की राजनीतिक पसंद के लिए मंत्री को निशाना न बनाएं। असम के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री केशव महंत की बेटी दिबिसा महंत ने NEET परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विवाद के लिए ज़िम्मेदार लोगों की जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई। इस विवाद के कारण पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का राजनीतिक करियर पहले ही प्रभावित हो चुका है।



प्रदर्शन में दिबिसा महंत के शामिल होने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं, जिससे जबरदस्त राजनीतिक बहस छिड़ गई। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि BJP के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री की बेटी सार्वजनिक रूप से ऐसे आंदोलन में कैसे शामिल हो सकती है, जो परीक्षा संकट से निपटने के केंद्र सरकार के तरीके की कड़ी आलोचना कर रहा है।

इस घटनाक्रम ने इस बात पर भी अटकलें तेज कर दीं कि क्या यह सत्ताधारी खेमे से जुड़े परिवारों के भीतर भी बढ़ती बेचैनी को दर्शाता है, हालाँकि ऐसा कोई संकेत नहीं था कि दिबिसा अपने पिता या सरकार की ओर से बोल रही थीं।

विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने केशव महंत का पुरजोर बचाव किया और सोशल मीडिया यूजर्स से आग्रह किया कि वे मंत्री को इस मामले में न घसीटें।

सरमा ने कहा, कृपया उनके पिता को ट्रोल न करें, और जोड़ा कि हर वयस्क को स्वतंत्र राजनीतिक राय रखने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने टिप्पणी की कि दिबिसा ₹शायद अपने पिता की विचारधारा का पालन न करती हों,₹ और इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक मान्यताएँ अक्सर पीढ़ियों के बीच और यहाँ तक कि एक ही परिवार के भीतर भी अलग-अलग होती हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, विरोध प्रदर्शन में अपनी बेटी की भागीदारी के लिए केशव महंत को ज़िम्मेदार ठहराना अनुचित होगा।

मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को व्यापक रूप से एक ऐसे मुद्दे को शांत करने के प्रयास के रूप में देखा गया, जिससे BJP को शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती थी, खासकर ऐसे समय में जब पार्टी पहले से ही NEET विवाद के नतीजों से जूझ रही है।






# जीरकपुर में 22 वर्षीय नवविवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। शांति एन्क्लेव इलाके में 22 वर्षीय नवविवाहिता ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही ढकोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान करीना के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है और उनके उत्तर प्रदेश से डेराबस्सी पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीना का विवाह कुछ महीने पहले ही हुआ था। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

जांच अधिकारी ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।




# जीरकपुर में नीट उत्तीर्ण 882 विद्यार्थियों का सम्मान

## मुख्यमंत्री मान बोले– 'नो कैश, नो सिफारिश' के आधार पर मिल रही सरकारी नौकरियां

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को जीरकपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सरकारी स्कूलों के नीट उत्तीर्ण 882 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सफलता की बधाई दी और इसे प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों को दी गई आधुनिक ट्रेनिंग को दिया।



भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के शिक्षकों को आइआइएम अहमदाबाद और फिनलैंड में प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण से लौटने के बाद शिक्षकों ने स्कूलों में नई शिक्षण तकनीकों को अपनाया, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफल विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक हो सकती थी, लेकिन पेपर लीक की घटनाओं से कई विद्यार्थियों का मनोबल प्रभावित हुआ। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पंजाब में उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान किसी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने हाल में फामेर्सी परीक्षा में नकल करवाने वाले गिरोह के खिलाफ की गई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# आईपीएस अधिकारी सुरिंदर पाल सिंह परमार को बड़ी राहत, पंजाब सरकार ने बंद की विभागीय कार्रवाई

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/जुलाई। पंजाब सरकार के गृह मामले विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुरिंदर पाल सिंह परमार के खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई को आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया है।



गौरतलब है कि परिवहन विभाग में कथित भ्रष्टाचार के मामलों से जुड़ी विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई के दौरान, आईपीएस अधिकारी सुरिंदर पाल सिंह परमार पर दुर्व्यवहार और ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों के आधार पर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।

लंबी चली जांच प्रक्रिया के दौरान उनके खिलाफ लगाए गए ये सभी आरोप साबित नहीं हो सके। पंजाब के राज्यपाल द्वारा जांच रिपोर्ट को मंजूरी दिए जाने के बाद, सरकार ने उनके विरुद्ध चल रही पूरी कार्रवाई को रद्द करते हुए सभी आरोप खारिज कर दिए हैं।

इसके साथ ही सरकार के इन आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि लागू नियमों के अनुसार उनकी निलंबन अवधि को भी आधिकारिक ड्यूटी ही माना जाएगा। इस फैसले से आईपीएस अधिकारी परमार को बड़ी राहत मिली है।

# जीएचजी अकादमी के विद्यार्थियों ने 'उड़ान 2026' चित्रकला प्रतियोगिता में बिखेरे रंगों के जलवे



-चरणजीत सिंह चन्न/

जगरांव/यूटर्न/26/जुलाई। स्थानीय क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था जीएचजी अकादमी, जगरांव के विद्यार्थियों ने नवचेतना बाल भलाई के बैनर तले आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता ह्यउड़ान 2026ह्न में अपनी प्रतिभा का शानदार लोहा मनवाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अकादमी के लगभग 80 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी कलाकृतियों के जरिए सामाजिक और वैचारिक संदेशों को बेहद आकर्षक ढंग से कैनवास पर उकेरा, जिसे देखकर वहां मौजूद सभी लोग प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मकता को बाहर लाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने का काम करते हैं। सफल आयोजन के अंत में, सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आयोजक संस्था 'नवचेतना बाल भलाई' का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक हैं।

# एक्ट्रेस ने खोला फिल्म इंडस्ट्री का राज साउथ में बंदिशें, हिंदी में आजादी: तमन्ना



साउथ और हिंदी सिनेमा दोनों जगह अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके और एक्ट्रेसेस को मिलने वाले रोल्स पर बेबाक राय रखी है. तमन्ना का मानना है कि हिंदी सिनेमा एक्टर्स को अपनी पसंद के हिसाब से प्रयोग करने का एक बेहतरीन स्पेस देता है, जबकि साउथ इंडस्ट्री में कामर्शियल स्तर पर अपनी जगह बनाए रखने के लिए कुछ खास पैमानों और स्टार क्वालिटी पर ज्यादा जोर दिया जाता है. Forbes को दिए इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया ने कहा, 'हिंदी सिनेमा कलाकारों को यह सहूलियत देता है कि वे तय कर सकें कि उन्हें किस तरह का काम करना है. यहां ऐसे कलाकारों के लिए भी काफी संभावनाएं हैं जो पारंपरिक 'गाना-और-डांस' वाले फॉर्मेट में फिट नहीं बैठते या उसमें बहुत सहज नहीं हैं. जब ऐसे एक्टर्स कैरेक्टर-ओरिएंटेड रोल्स निभाते हैं, तो उनकी एक्टिंग निखरकर सामने आती है और दर्शक उसे सराहाते भी हैं।

# एसएफआई द्वारा आयोजित 45वीं पंजाब स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में विग्नेश भक्कू का शानदार प्रदर्शन, जीते 6 पदक

संगरूर/यूटर्न/26 जुलाई। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) के तत्वावधान में आयोजित 45वीं पंजाब स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में लुधियाना के होनहार तैराक विग्नेश भक्कू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में विग्नेश भक्कू ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक तथा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में स्वर्ण पदक, 50 मीटर




बैकस्ट्रोक एवं 100 मीटर मेडले रिले में रजत पदक तथा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले और 100 मीटर मेडले में कांस्य पदक हासिल किए।

विग्नेश भक्कू की इस शानदार सफलता का श्रेय उनके कोच माधव संड के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासित प्रशिक्षण एवं निरंतर प्रेरणा को जाता है। उनकी देखरेख में विग्नेश लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों एवं परिवारजनों ने विग्नेश भक्कू तथा कोच माधव संड को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सहमति वापस लेने के बाद भी नई कॉलोनी को रास्ता देने का आरोप, निवासियों का प्रदर्शन

## गुरुनानक एन्क्लेव के लोगों ने लाइसेंस प्रक्रिया पर उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/26 जुलाई। गुरुनानक एन्क्लेव के बीच से नई विकसित हो रही कॉलोनी को रास्ता दिए जाने के विरोध में रविवार को स्थानीय निवासियों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि कॉलोनीवासियों की ओर से पहले दी गई सहमति वापस लिए जाने के बावजूद कथित मिलीभगत से नई कॉलोनी को लाइसेंस जारी कर दिया गया। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कॉलोनी निवासी प्रकाश, मुनीश कुमार, बलराम पंडित, अमित शर्मा, अमनदीप सिंह, विनोद शर्मा, राजीव भाटिया, एनएस शर्मा, सुभाष लखड़ा, अमित सिंह, संदीप त्यागी, अमित वर्मा, दीपक राणा और हरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरुनानक एन्क्लेव के पीछे करीब दो एकड़ जमीन स्थित है, जिसे कोई सीधा रास्ता नहीं लगता।



### सहमति रद्द, फिर भी अक्टूबर २०२५ में लाइसेंस देने का दावा

निवासियों ने आरोप लगाया कि उनकी आपत्ति और सहमति वापसी की सूचना के बावजूद अक्टूबर 2025 में नई कॉलोनी को लाइसेंस जारी कर दिया गया। कुछ समय पहले जमीन मालिक ने बिना जानकारी दिए दोबारा सोसायटी के खाते में राशि भेजी, जिसे फिर वापस कर दिया गया। लोगों का कहना है कि उन्हें लाइसेंस जारी होने की जानकारी हाल ही में मिली। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे किसी भी स्थिति में गुरुनानक एन्क्लेव के भीतर से नई कॉलोनी को रास्ता नहीं देने देंगे। यदि उनकी आपत्तियों को दरकिनार कर कोई कार्रवाई की गई तो वे कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज करेंगे।

निवासियों के अनुसार वर्ष 2024 में जमीन मालिक को गुरुनानक एन्क्लेव के रास्ते का इस्तेमाल करने के लिए सहमति पत्र दिया गया था। इसके बदले सोसायटी को 11 लाख रुपये और 100 गज का प्लॉट देने की बात तय हुई थी। फरवरी 2024 में 11 लाख रुपये सोसायटी के बैंक खाते में जमा भी करवाए गए। हालांकि, कॉलोनीवासियों के विरोध के बाद अप्रैल 2024 में सामूहिक बैठक कर सहमति वापस लेने का निर्णय लिया गया। सोसायटी ने 11 लाख रुपये जमीन मालिक को लौटा दिए और संबंधित विभागों को लिखित सूचना देकर स्पष्ट कर दिया कि गुरुनानक एन्क्लेव के रास्ते को आधार बनाकर किसी दूसरी कॉलोनी को मंजूरी न दी जाए।

# डेराबस्सी में सियासी जमीन मजबूत करने की कवायद, पंथक सम्मेलन में जुटी भीड़

## अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह और विधायक इयाली ने पंजाब के अधिकारों व पंथक एकता पर रखे विचार





लालड़ू/यूटर्न/26 जुलाई। हलका डेराबस्सी में पंथक और राजनीतिक मुद्दों के सहारे अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश के तहत अकाली दल वारिस पंजाब दे की ओर से दप्पर टोल प्लाजा के समीप ग्लास पैलेस में सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें डेराबस्सी, लालड़ू और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सम्मेलन में हुई भीड़ को लेकर क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

कार्यक्रम में खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह खालसा के पिता तरसेम सिंह और विधायक मनप्रीत सिंह इयाली मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने पंजाब के अधिकारों, सिख समुदाय के मौजूदा हालात, पंथक एकता और प्रदेश की राजनीति में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे।

वक्ताओं ने कहा कि पंजाब से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए लोगों को एक मंच पर एकत्र होना होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

सम्मेलन में डेराबस्सी शहर के साथ नार्मल जोला, पंखरपुर और आसपास के अन्य गांवों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर दिनभर राजनीतिक और पंथक गतिविधियों को लेकर चर्चा होती रही। आयोजकों ने दावा किया कि लोगों की बड़ी भागीदारी से स्पष्ट है कि क्षेत्र में पंजाब और पंथ से जुड़े मुद्दों को लेकर रुचि बढ़ रही है।


इस मौके पर जिला प्रधान जगदीप सिंह, जशनदीप सिंह संधू, काबल सिंह, जिला वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत सिंह, जिला कमेटी सदस्य हरभजन सिंह, सचिव इकबाल सिंह, हरनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह पित्ता और जगदीप सिंह सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में 27 जुलाई को पंजाब बंद का आह्वान, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में वाल्मीकि समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने 27 जुलाई (रविवार) को पूरे पंजाब बंद का आह्वान किया है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना के बाद पूरे समुदाय में भारी रोष है और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित कर्मचारियों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।









Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372